



## एक नजर में

### गुरूपूर्णिमा पर स्कूलों होगा मां सरस्वती पूजन

**श्योपुर, 4 जुलाई।** प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। निर्देश में कहा गया है कि उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केंदद्रत व्याख्यान होंगे। इसी के साथ इस दिन गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में भारतीय मूल्यों संस्कृति आधारित शिक्षा के लिये कई उललेखनीय कदम उठाये गये हैं। उनमें से एक विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा का आयोजन किया जाना भी एक है।

### डाबरसा में स्वास्थ्य एवं पोषण सत्र आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एविटास फ़ाउंडेशन के सहयोग से ग्राम डबरसा में स्वास्थ्य एवं पोषण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा सत्र का आयोजन करते हुए विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, हाथ धोने की सही तकनीक, मौसम जनित बीमारियों से बचाव एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों को आयरन की गोलियाँ भी वितरित की गईं, जो किशोरावस्था में होने वाली एनीमिया जैसी समस्याओं की रोकथाम हेतु दी जाती हैं। इस कार्यक्रम में एविटास फ़ाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी नीरज भार्गव ने स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से बच्चों व अभिभावकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि च्स्वास्थ्य शिक्षा केवल जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली में बदलाव का आधार है, और इसके बीज बचपन से ही बोए जाने चाहिए। इस मौके पर आशा पर्यवेक्षक गायत्री जांगिड़, आशा कार्यकर्ता द्रोपदी बाई, तथा मनीष कुमार पंचोली उपस्थित थे। सभी ने बच्चों को निरंतर स्वास्थ्य अभ्यासों को अपनाने की प्रेरणा दी और सामुदायिक सहभागिता से स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। एविटास फ़ाउंडेशन की टीम ने ग्रामवासियों से समूह चर्चाओं के माध्यम से टीकाकरण, पोषण, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की नियमितता को लेकर जागरूक किया गया।



# अव्यवस्था व नकली खाद-दवाओं के विरोध में किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**प्रशासन खाद समस्या का समाधान करे अन्यथा किसान करेंगे उग्र आंदोलन**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 4 जुलाई।** जिले में खाद संकट, वितरण में अनियमितता, नकली खाद-दवाओं और कालाबाजारी की बढ़ती समस्याओं के विरोध में किसानों ने शुक्रवार कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार जैन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें किसानों ने अपनी समस्याओं और मांगों को विस्तार से सामने रखा।

ज्ञापन में बताया गया कि खरीफ सीजन की बुवाई के इस महत्वपूर्ण समय में जिले के किसानों को यूरिया, डीएपी और अन्य आवश्यक खादों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी संस्थाओं पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसान वर्ग बेहद परेशान है। खाद वितरण केंद्रों पर अत्यधिक भीड़, अव्यवस्था और कई जगहों पर दलाली, सिफारिश और अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में नकली खाद और कीटनाशकों का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है और किसान भारी आर्थिक संकट में फँस रहे हैं। निजी दुकानों पर खाद की कालाबाजारी भी एक गंभीर समस्या बन गई है, जहाँ तयशुदा दरों से अधिक मूल्य पर खाद बेची जा रही है, जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि जिले की सभी सहकारी संस्थाओं पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और खाद वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं सुचारु बनाया जाए। साथ ही खाद वितरण में हो रही अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। नकली खाद और दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषी व्यापारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, निजी दुकानों पर हो रही खाद की कालाबाजारी पर नियंत्रण कर निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो किसान समुदाय लोकतांत्रिक तरीकों से आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला, हनुमान मीणा जैदा, नरेंद्र उंडायथा, देवकरण मावदा, कमलेश आसीदा, महावीर बिजरपुर, हरिमोहन मीणा, रामचरण आदि किसान उपस्थित रहे। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की माँग की, ताकि किसानों की खरीफ सीजन में धान सहित अन्य फसलों की बुवाई समय पर और बिना किसी व्यवधान के पूर्ण हो सके।



# समाज को समर्पित संस्थान है जन अभियान

**मना स्थापना दिवस, उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 4 जुलाई।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य रूप से नपाध्यक्ष श्रीमती रेणू सुजीत गर्ग मौजूद रही वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाग समन्वयक धर्मेंद्र सिंह सिसौदिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा एवं डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, आदित्य चोहान मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष रेणू सुजीत गर्ग ने कहा कि जन अभियान परिषद प्रदेश की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने में अहम भूमिका निभाती है, साथ ही जन सहयोग से जन कल्याण के कार्यों का क्रियान्वयन समुदाय के साथ मिलकर करती है, जिससे समाज का कल्याण होता है, बीते दिनो जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य किया गया, जो कि सराहनीय है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संभाग समन्वयक श्री धर्मेन्द्र सिंह सिसौदिया ने कहा कि जन अभियान परिषद के गठन को आज अठ्ठाईस वर्ष पूर्ण हो गए हैं इन वर्षो में परिषद ने कई आयाम छुए हैं। ग्राम विकास की नई अवधारणा सृजित की है। सही मायने में सेवा, समर्पण और संकल्प के ही ये वर्ष रहे हैं। इस दौरान जन अभियान परिषद ने निरंतर ग्राम विकास के लक्ष्यों को पूर्ण किया है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठन, नवांकुर, प्रस्फुटन एवं एमएसडब्लू और बीएसडब्लयू के छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया।वाले को सम्मानित करते हुए।



## शहादत की याद में अलम निशान जुलूस जोश और आस्था का संगम

**श्योपुर, 4 जुलाई।** श्योपुर मोहर्रम की 7 तारीख पर गुरुवार को हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में शहर में पारंपरिक अलम निशान जुलूस निकाला गया। शहर की 16 मस्जिद कमेटियों ने परंपरागत अलम निशान दौड़ कराई, जिसमें युवाओं ने हाथों में अलम लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ की शुरुआत बगवाज से होकर बालापुरा तक हुई, जिसे देखने शहरवासी सड़कों पर उमड़ पड़े। दोपहर को बड़ा इमामबाड़ा से शुरू हुआ जुलूस खरादी मोहल्ला, गणेश बाजार, किला रोड, हम्मालान मस्जिद, कसाई मोहल्ला, किला बस्ती, बगीची मोहल्ला होते हुए बालापुरा और रामतलाई हनुमान मंदिर से होता हुआ पुनः बड़ा इमामबाड़ा पर समाप्त हुआ। भीड़ नियंत्रण और शांति व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अलम निशान थामे दौड़ लगाते हुए इमाम हुसैन के दीवाने। कल रात गश्त पर निकलेंगे ताजिए शनिवार को कत्ल की रात मनेगी। इस मौके पर इमामबाड़ों से ताजिए गश्त पर निकलेंगे। अपने अपने इमामबाड़ों से ताजियों का जुलूस किला रोड तिराहा पहुंचने पर मुकाम लगेगा। देर रात तक मुस्लिम समाज के लोग ढोल ताशों पर मातमी धुनों के बीच अखाड़ेबाजी के करतब दिखाएंगे। सुबह दिन उगने से पहले ही सभी ताजिए वापिस अपने अपने इमामबाड़े पर पहुंचेंगे। इसके बाद रविवार को दिन में ताजियों का जुलूस निकलेगा।

# फौजी के सूने मकान से ताला तोड़कर की चोरी, मामला दर्ज

**कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 4 जुलाई।** श्योपुर की श्रीराम कॉलोनी में रहने वाले एक फौजी के एक सूने मकान से चोरी हो गई। चोरों ने मकान का मेन गेट और अंदर के कमरों के ताले तोड़े। बच्चों की गुल्लक में रखी करीब 10 से 12 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए।

मकान मालिक विजय प्रताप सिंह भदौरिया ने कोतवाली थाना पुलिस को बताया कि मकान श्रीराम कॉलोनी, ओम दलाल वाली गली में स्थित है। इस मकान में उनके दो भाई रहते हैं। एक भाई शस्त्र सीमा बल में अरुणाचल प्रदेश में तैनात हैं। दूसरे भाई उत्तराखंड के कोटद्वार में नौकरी करते हैं। गर्मी की छुट्टियों में दोनों भाइयों की पत्नियां और बच्चे भी उनके पास चले गए थे। इस कारण मकान दो महीने से खाली था। विजय प्रताप के वृद्ध पिता रात में मकान की देखरेख करते थे। स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे 4-5 दिन से मकान नहीं जा सके। इसी दौरान वारदात हो गई। शुक्रवार सुबह जब विजय प्रताप ने मकान की जांच की तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर कमरों और रसोई के ताले भी टूटे थे। अलमारियां और बेड बिखरे पड़े थे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# मारपीट व गाली-गलौज के विरोध में छात्र शक्ति ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 4 जुलाई।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में टी.सी. कटवाने पहुंचे छात्र कमल बैरवा के साथ कॉलेज स्टाफ द्वारा कथित रूप से गाली-गलौज व मारपीट किए जाने की घटना के विरोध में शुक्रवार को छात्र शक्ति आक्रोशित हो गई। छात्र नेताओं ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी शिक्षक पर सख्त कानूनी कार्रवाई व तत्काल निलंबन की मांग की।

बताया गया कि छात्र कमल बैरवा टीसी लेने कॉलेज गया था, जहां शिक्षक ने नकद पैसे मांगे। छात्र ने फोन पे से भुगतान की बात कही, लेकिन शिक्षक ने मना कर कहा-सुनी करते हुए अभद्र भाषा में गाली-गलौज की और छात्र को लात-घूंसे मारे और भविष्य खराब करने की धमकी दी। पहले छात्र ने कोतवाली में शिकायत की, लेकिन जब मामला छात्रों के बीच फैला तो छात्र एकत्रित होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।



छात्रों ने कहा कि यह घटना शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाली है और इससे छात्रों में भय का वातावरण बन रहा है। यदि दोषी शिक्षक पर सोमवार तक सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त छात्र शक्ति उग्र प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान छात्र नेता अभिषेक मीणा कलोनी,कमल बैरवा, ओमप्रकाश बैरवा, रामरूप बैरवा, अभिषेक,अनिल, राजेंद्र बैरवा, पंकज, रोहित विनोद, जीतेन्द्र, गोलू, दीपू सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।



# पुलिस ने दम्पति लूटकांड का किया खुलासा, पत्नी के प्रेमी ने की थी वारदात

नवभारत न्यूज

**दतिया, 4 जुलाई।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने दम्पति लूटकांड का किया खुलासा पत्नी के प्रेमी ने की थी लूट की वारदात। पति प्रदुम्म अहिरवार को गोली मारकर की थी लूट की वारदात। पत्नी का प्रेमी सागर पाल और संजू पाल नामक लुटेरे गिरफ्तार। दतिया एसडीओपी प्रियंका मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया खुलासा। पकड़े गए लुटेरों से घटना में प्रयुक्त हथियार, बाइक और करधौनी बरामद। उदगुंवा गांव के रहने वाले हैं पकड़े गए लुटेरे। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुनील बनौरिया की बड़ी कार्यवाही।

सिविल लाईन टीआई सुनील बनौरिया ने बताया 29 जून को फरियादी प्रदुम सिंह अहिरवार निवासी ग्राम कुम्हेड़ी, अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम उदगांव से घर लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम चोपरा के पास, दिनारा रोड पर, दो अज्ञात व्यक्तियों ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से आकर उन्हें रोका। दोनों आरोपियों ने मुंह ढक रखा था और फरियादी की पत्नी से जेवर लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने कट्टे से गोली चला दी, जिससे फरियादी घायल हो गया। आरोपी, फरियादी की पत्नी की चाँदी की करधोनी लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सिविल लाइन में तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा, के दिशा-निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य तथा प्रत्यक्षदर्शियों के कथनों के आधार पर 3.जूलाई को ग्राम उदगांव से दो आरोपियों 1. सागर पाल पिता हुकुम सिंह पाल 2. संजू पाल, दोनों निवासी ग्राम उदगांव - को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

**आरोपियों के कब्जे से निम्नलिखित सामग्री बरामद की गई :** घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल- 02 मोवाइल फोन- 315 बोर के दो देशी कट्टे, आरोपियों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि, लूट की गई करधोनी गोली चलने के दौरान मौके पर ही छूट गई थी, जिसे वहीं फेंक कर भाग गए थे, और जिसे पुलिस द्वारा मौके से बरामद किया गया। आरोपी सागर पाल ने बताया कि, उसका पिछले 5 वर्षों से फरियादी की पत्नि से प्रेम-प्रसंग था। हाल ही में उस लड़की की शादी प्रधुम्न अहिरवार से हो गई थी, जिससे वह मानसिक रूप से आहत था। 29 जून 25 को से बातचीत के बाद वह उससे मिलने गया, पर मुलाकात नहीं हो सकी। इस कारण उसने उस लड़की के पति की हत्या करने की योजना बनाई। रात्रि लगभग 11:30 बजे, सागर ने अपने चचेरे भाई संजू पाल के साथ मिलकर दिनारा रोड, ग्राम चोपरा के पास प्रधुम्न की मोटरसाइकिल को रोका, विरोध करने पर सागर ने प्रधुम्न को गोली मार दी और संजू ने भी जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जो उसके पास से निकल गई। व घटना को लूट के रुप में दिखाने के लिये फरियादी की पत्नि की करधोनी झपट कर घटना स्थल के पास बनी झाडियो में फेंक दी। व घटना के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। हत्या में प्रयुक्त कट्टा सागर द्वारा रास्ते में झाड़ियों में फेंका गया था, जिसे वह पुलिस को बरामद कराने के लिए तैयार हुआ। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुनील बनौरिया, थाना प्रभारी सिविल लाइन, उनि. नीरज कुमार, उनि. अमित ओसारे, उनि. निशा मावई, उनि सुधीर शर्मा (साइबर), सउनि. संजीव गॉड, आर. रमन दुबे, आर. राहुल गुर्जर, आर. अतेन्द्र रावत, आर. शुभम यादव, प्र. आर. (चालक) दीप सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही



## एक नजर में

### ध्रुव ने 5 वर्ष की आयु में भगवान के दर्शन कर लिए : कौशिक

**दतिया, 4 जुलाई।** सती मैया के चरित्र में दक्ष प्रजापति ने अभिमान के कारण शिव जी को यज्ञ में निमंत्रण नही दिया जिससे माँ सती ने अपने शरीर को भस्म कर दिया,शिव ने सती के मरने पर भयंकर क्रोध किया और अपने ससुर जी का गला ही काट दिया,बाद में सभी देवताओ ने प्रार्थना की तब शिव जी ने कृपा की ओर उसके बकरे का सिर लगाया,प्राण डाल दिये,शिव जी इतने दयालु है,ध्रुव जी ने 5 वर्ष की छोटी सी आयु में भगवान का दर्शन कर लिया और भगवान ने अचल साम्राज्य का वरदान दिया उक्त बात श्री अनामय धाम पर चल रही श्रीमत् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास सतीश कौशिक ने कही। उन्होने आगे कहा कि प्रभु का एक बार गलती से नाम पुकारने की बजह से भगवान ने अजामिल जैसे पापी को अपने धाम में बुला लिया,कत: के विश्राम में कथा व्यास ने कहा कि भगवान घट घट में रहते है,यह सिद्ध किया भक्त प्रह्लाद ने, खंभे से प्रगट होकर नरसिंह भगवान ने दुष्ट हिरण्यकश्यप का उद्धार किया भक्त प्रह्लाद जी के ऊपर कृपा की,कथा विश्राम के बाद सभी भक्तों ने भागवत जी आरती की उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।



# लाइसेंसी बंदूक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**दतिया, 4 जुलाई।** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक धीरेंद्र मिश्रा ने बताया एक टीम गठित लाइसेंसी बंदूक चोरी करने वाले 2 चोर पकड़े। दरअसल 9 जून को फरियादी फरियादी घनाराम यादव पुत्र गुलाब सिंह यादव निवासी भाण्डेरी फाटक दतिया के द्वारा अपनी लायसेन्सी बंदूक 315 बोर माउजर को तथा 10 हजार रुपये कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया की रिपोर्ट की थी।रिपोर्ट के आधार पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

दौराने विवेचना मुखबिर से सूचना मिली की एक संतोष यादव निवासी रिछरा फाटक दतिया का एक वन्दूक वेचना चाहता है मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु सन्देही संतोष यादव पुत्र बाबूलाल यादव निवासी शिवगिर मन्दिर के पास रिछरा फाटक दतिया से चोरी गई बन्दूक के बारे में पुछताछ की तो उसके द्वारा अपने साथी अमित उर्फ अक्कू पुत्र अशोक पाठक उम्र निवासी शिवगिर मंदिर के पास रिछरा फाटक दतिया के साथ मिल कर चोरी करना स्वीकार किया एवं आरोपी संतोष यादव द्वारा चोरी गई बंदूक 315 बोर माउजर को बरामद कराया गया। जिसको जप्त किया एवं आरोपी अमित उर्फअक्कु पाठक के द्वारा भी चोरी को स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त अपनी स्कुटी एवं चोरी में प्रयुक्त सरिया को जप्त कराया वाद आरोपीयों को गिफ्तार कर न्यायालय दतिया पेश किया जा गया। फरियादी द्वारा पुलिस को फूल माल डाल कर एव मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया।उक्त कार्यवाही मेंदृ थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक धीरेंद्र मिश्रा,व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

### बरसात में सभी लोग पौधारोपण अवश्य करें : पिरोनिया

**दतिया, 4 जुलाई।** पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने शुक्रवार को भांडेर विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों उनाव, परासरी, सैरसा, ललौआ, घरावा, इकारा सहित अनेक गांवों में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम भाग लिया ।उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पर्यावरण सुरक्षा हेतु एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया,वहीं पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया क्षेत्र में विभिन्न दिनों अनेक परिवारों में दुखद निधन होने पर उनके घर पर पहुंचकर मृतक आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पंडा,बृजेंद्र पचौरी, जगमोहन पचौरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आधा घंटे हुई बारिश से घरों में भरा पानी



नवभारत न्यूज

**दतिया, 4 जुलाई।** ग्राम उनाव बालाजी में आधा घंटे हुई बारिश जिससे बृजेश दुबे, रामजी शरण दुबे, सुरेश यादव, एवं महेंद्र यादव के घरों में भरा पानी लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत उनाव की नालियों की सफाई कई वर्षों से नहीं हुई है जिसके चलते लोगों के घरों में भर रहा है पानी इसके बारे में कई बार लोगों ने ग्राम पंचायत को अवगत करा चुके हैं कि नालियों की सफाई हो परंतु हर बार सरपंच यह कहकर टाल देते हैं कि करा देंगे परंतु आज तक हुई नहीं है इन्हीं कारणों के चलते जब नालियां चौक हो गई है पूरी तरह से तो पानी लोगों के घरों में घुसना शुरू हो गया है नालियों की गहराई लगभग चार और पांच फीट है

अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से आज तक जिले में कुल 145.75 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें दतिया में 296.5 मि.मी., सेवढ़ा में 63 मि.मी., भाण्डेर में 175.4 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में कुल 48 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल औसत वर्षा 16 मिमी दर्ज की गई थी। जिसमें दतिया में 62 मिमी, इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 22 मिमी, भाण्डेर और सेवढा में निल औसत वर्षा निल दर्ज की गई थी। आज 4 जुलाई को जिले में कुल वर्षा 5.85 औसत वर्षा दर्ज की गई है। दतिया में 8.4 मिमी, भाण्डेर में 10 मिमी, सेवढा में 5 मिमी एवं इन्दरगढ़ नया केन्द्र में निल वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 है।



### खनिज अधिकारी ने की रेत के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही

**दतिया।** जिले में अवैध उत्खनन/परिवहन पर नियंत्रण हेतु प्रभारी खनिज अधिकारी प्रदीप कुमार भूरिया के द्वारा खनिज उड़नदस्ता दल के साथ कार्यवाही कर अवैध गिटटी परिवहन में डम्फर क्रमांक एम .पी .07-एचबी 4966 को जप्त कर थाना भाण्डेर में रखवाया गया। इसी प्रकार अवैध रेत उत्खनन में उनाव पहूज नदी के पास दो पनडुब्बीयों को जलाकर नष्ट किया गया एवं ग्राम बालमपुर तथा ग्राम नानट तहसील सेंवढ़ा में अवैध लावारिस रेत के 02 भण्डारण जप्त किये जाकर रेत ठेकेदार की सुपुदर्गी में दिये गये। उक्त वाहनों पर मध्य प्रदेश खनिज नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित कर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जावेगे एवं अवैध लावारिस रेत भण्डारों को राजसात कर निर्वतन की कार्यवाही की जावेगी। जिले में अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण पर इसी प्रकार कार्यवाही सतत् रूप से जारी रहेगी।